हरिभूमि

# भिवानी-दादरी भूमि

रोहतक, बुधवार 20 मई 2026



11 जिले में घर-घर जाकर पशुओं को लगाए जा...





12 पॉश कॉलोनियों में अतिक्रमण पर चला बुलडोजर...





H.D. THE CREATOR OF DESTINIES

# H.D. Birohar

लगातार सबसे आगे............

हमारी पहचान उत्तम अनुशासन श्रेष्ठ परिणाम

दृढ़ संकल्प, कड़ी मेहनत, शिक्षा एवं संस्कार का संगम एच.डी. बिरोहड़

Affiliated to CBSE Delhi English Medium

## 12th CBSE Result at a Glance (Session 2025-26)

कला संकाय मे प्रथम — 97.8% Prachi D/o Shri Naresh Kumar, Santor

कला संकाय में द्वितीय — 96% Shruti D/o Shri Dharmender, Birohar

विज्ञान संकाय मे प्रथम — 94.4% Amit S/o Shri Manjeet, Birohar

बधाई हो...

94% Riya D/o Shri Rajkumar, Birohar

92% Neha D/o Shri Suresh Kumar, Birohar

92% Anuj S/o Shri Subhash, Mehrana

90.2% Milin S/o Shri Sandeep, Loharwara

90% Himashi D/o Shri Pardeep, Birohar

90.2% Kavita D/o Shri Satpal, Birohar

90% Vansh S/o Shri Amarjeet, Samaspur

## 10th CBSE Result at a Glance (Session 2025-26)

97.6% Kavyanshu D/o Sh. Kuldeep, Birohar

97.2% Hanshika D/o Sh. Shamsher, Birohar

96.6% Lakshay S/o Sh. Anil, Sasroli

बधाई हो...

96.2% Yatika D/o Sh. Sandeep, Birohar

95.6% Vanshika D/o Sh. Rakesh, Birohar

95.4% Vanshika D/o Sh. Mahender, Dhani Phogat

95.2% Vanshika D/o Sh. Jitender, Birohar

95% Priya D/o Sh. Omanand, Kaliyawas

94.8% Simran D/o Sh. Narender, Birohar

92.2% Anuj S/o Sh. Ravinder, Miliayawas

91.6% Gorav S/o Sh. Manoj, Jhamri

91.1% Daksh S/o Sh. Ravinder, Birohar

90.6% Priya D/o Sh. Mukesh, Neemli

90.2% Vishesh D/o Sh. Kanwar Singh, Patuwas

We Prepare For :

Foundation Classes (6th onwards)

NEET I JEE I NTSE I NDA I MNS

## OUR FACILITIES

- Robotic Lab
- Language Lab
- Maths Lab
- English Communicative Classes
- Shooting Range
- Swimming Pool
- Govt. Sports Nur.
- Toy Train
- Two Big Indoor Halls
- Expert Faculty
- 5 Acres Big Play Ground
- Experience Management



क्षेत्र का सबसे बड़ा स्वीमिंग पुल



हरियाणा सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त खेल नर्सरी



क्षेत्र की आधुनिक हथियारों से लैश पहली शूटिंग रेंज

सभी संकायो (Streams) को एक साथ लेकर चलने वाली अनुभवी मैनेजमेंट

अब H.D. बिरोहड़ दिखा रहा है UPSC Crack करने का रास्ता

### Subject Wise Highest Marks

| | |
|---|---|
| Music | 100 |
| History | 100 |
| Maths | 99 |
| English | 99 |
| Economics | 98 |
| Hindi | 97 |
| Political Science | 97 |
| Geography | 96 |
| Accountancy | 95 |
| Business Studies | 95 |
| Biology | 95 |
| Physics | 95 |
| Chemistry | 94 |

### सफलता तक देंगे साथ...

एच. डी. के लाडले देश भर में बड़े पदो पर कर रहे सेवा

Mamta D/o Sh. Amarpal, Charkhi Dadri — GST INSPECTOR

Dheeraj S/o Sh. Rampal, Rawaldhi — GST INSPECTOR

Subodh S/o Sh. Jagdeep, Sasroli — Sr. Engineer at AGD Biomedical Pvt Ltd.

Nidhi D/o Sh. Narender, Birohar — Ministry of Rural Development Govt. of India New Delhi

Kumari Sonu D/o Sh. Anand — NURSING OFFICER, AIIMS DELHI

Sandeep S/o Sh. Pardeep, Birohar — Regional Manager Volvo Eicher Commercial Vehicle

Sandeep S/o Sh. Dhanraj, Sasroli — AIRFORCE

Parshant S/o Sh. Jaibir, Sasroli — Sr. Medical Laboratory Technologist AIIMS New Delhi

Ginta D/o Sh. Ravinder, Shift Brewer — United Breweries Ltd.

Dr. Maya D/o Sh. Jagroop, Birohar — Ph.D. (Sociology) Alumna

Ramita D/o Sh. Rajesh, Mehrana — MBA IIM Bodh Gaya

Ramit D/o Sh. Rajesh, Mehrana — B.Tech SRM Chennai

Partik S/o Sh. Ashok, Sasroli — Meteorologist, IMD Joined the Department in 2023

### Pride of H.D. Birohar

Major / Lieutenant

Sachin S/o Sh. Jaivir Singh, Patuwas

Kapil S/o Sh. Jaivir Singh, Patuwas

Abhishek S/o Sh. Jai Singh, Birohar

Vipin Sehrawat, Birohar — INDIAN ARMY

Mohit S/o Sh. Bijender, Sehlanga — INDIAN ARMY

Sachin S/o Sh. Rajbir, Kheri Sanwal — INDIAN ARMY

### दोनो बेटियां गत वर्ष कला संकाय की रही टॉपर

एच. डी. की पूर्व विद्यार्थी भारत के प्रसिद्ध विश्वविद्यालय से ले रही शिक्षा

Anjali D/o Sh. Sanjay (Dhani Phogat) — Kirori Mal College, University of Delhi

Neha D/o Sh. Usman (Nimli) — Miranda House, University of Delhi

Contact No. 8607128682, 8059923555

E-mail: hdpublicschoolbirohar@gmail.com

## भिवानी में फूटा कांग्रेस का गुस्सा, लघु सचिवालय पर किया जोरदार प्रदर्शन

# नीट जैसी बड़ी परीक्षाओं के पेपर लीक होना युवाओं के भविष्य का सौदा:अनिरूद्ध चौधरी

पेट्रोल-डीजल की लूट, पेपर लीक व एचपीएससी में बाहरी युवाओं की एंट्री पर बिफरी कांग्रेसी

- जनता के सब्र का बांध टूटा, गूंगी-बहरी सरकार को उखाड़ फेंकेगा प्रदेश का युवावर्ग: कांग्रेस नेता

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी


भिवानी। पेट्रोलियम पदार्थो के रेटों में बढ़ोतरी व नीट पेपर लीक मामलो को लेकर ज्ञापन सौंपते कांग्रेस के शहरी जिलाध्यक्ष प्रदीप गुलिया जोगी, ग्रामीण जिलाध्यक्ष अनिरूद्ध चौधरी व अन्य कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर मंगलवार को जिला कांग्रेस कमेटी ने भाजपा सरकार की जनविरोधी और युवा-विरोधी नीतियों के खिलाफ लघु सचिवालय पर जोरदार रोष प्रदर्शन किया। कांग्रेस के ग्रामीण जिलाध्यक्ष अनिरूद्ध चौधरी व शहरी जिलाध्यक्ष प्रदीप गुलिया जोगी के नेतृत्व में प्रदर्शन में जिलेभर से अनेक नेता एवं सैंकड़ों कार्यकर्ता सड़कों पर उतरे और हाथों में सरकार विरोधी तख्तियां थाम रोष जताया। इस दौरान कांग्रेसी नेताओं ने सरकार पर भष्ट्राचार एवं हरियाणा का हक मारने का आरोप लगाया। लघु सचिवालय पर प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए कांग्रेस के शहरी जिला अध्यक्ष प्रदीप गुलिया जोगी व ग्रामीण जिला अध्यक्ष अनिरूद्ध चौधरी ने बेहद तीखे लहजे में सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि हरियाणा की जनता अब तानाशाही एवं धोखेबाज सरकार से पूरी तरह तंग आ चुकी है। उन्होंने पांच बड़े मुद्दों पर सरकार को घेरते हुए कहा कि तेल एवं घरेलू सामान के दाम आसमान छू रहे हैं। सरकार टैक्स वसूलने में मस्त और आम आदमी का बजट पूरी तरह ध्वस्त हो चुका है। नीट जैसी बड़ी एवं प्रतिष्ठित परीक्षाओं के पेपर बार-बार लीक होना महज इत्तेफाक नहीं, बल्कि युवाओं के भविष्य का सौदा है। पेपर लीक माफिया को सत्ता का पूरा संरक्षण है। हरियाणा में बेरोजगारी चरम सीमा पर पहुंच चुकी है। डिग्रियां हाथ में लेकर युवा दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं और सरकार केवल झूठे आंकड़ों का खेल खेल रही है। हरियाणा लोक सेवा आयोग (एचपीएससी) की नौकरियों में प्रदेश के होनहार युवाओं का हक मारकर बाहरी राज्यों के लोगों को पिछले दरवाजे से नौकरियां बांटी जा रही हैं। यह हमारे बच्चों के साथ सरासर अन्याय है। अनिरूद्ध व प्रदीप ने कहा कि प्रदेश के नौजवान खून-पसीना बहाकर दिन-रात पढ़ाई करता है, आज उसे अपने ही राज्य में पराया बना दिया गया है। देश में सबसे ज्यादा बेरोजगारी झेल रहे हरियाणा के युवाओं के जख्मों पर नमक छिड़कते हुए एचपीएससी बाहर के लोगों को नौकरियां दे रहा है और हम चुप बैठने वाले नहीं हैं। आपका साथ हमारा संघर्ष और हरियाणा का हक केवल नारा नहीं, हमारा संकल्प है। आज भिवानी से उठी ललकार जनविरोधी सरकार के पतन की शुरुआत साबित होगी।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर पूर्वमंत्री रामकिशन फौजी, कमल सिंह प्रधान, कुलवंत कोंटिया, अजय वैद, कुंवर बीरसिंह, ईश्वर प्रधान, सत्यजीत पिलानिया, जिला पार्षद रूपेंद्र ग्रेवाल, संजय गांधी, रवि सोलंकी, कृष्ण प्रजापत, विरेंद्र वाल्मीकि, रजत वाल्मीकि, नरेश तंवर, विजेंद्र सिवाच, कर्णसिंह, रणदीप हुड्डा, कामरेड रवि खन्ना, राजकुमार धनखड़, बलवान पार्षद, बलवान रंगा, अनिल नेहरा, लक्ष्मण वर्मा, श्यामलाल चारण, मुकेश पहलवान, सुनील उमरावत, धीरज माडीआला आदि मौजूद रहे।

### एचपीएससी भर्ती में हरियाणा के युवाओं को पहला हक मिलने की नीति लागू हो: कांग्रेसी

लघु सचिवालय पर घंटों चले उग्र विरोध प्रदर्शन के बाद ग्रामीण अध्यक्ष अनिरूद्ध व शहरी अध्यक्ष गुलिया के नेतृत्व में राज्यपाल और राष्ट्रपति के नाम प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में चेतावनी दी कि सरकार ने तुरंत पेट्रोल-डीजल के दाम कम नहीं किए, पेपर लीक पर रोक नहीं लगाई और एचपीएससी की भर्तियों में हरियाणा के युवाओं को पहला हक देने की नीति लागू नहीं की तो कांग्रेस इस आंदोलन को ब्लॉक और गांव स्तर पर ले जाकर इसे बहुत बड़ा जनआंदोलन बनाएगी।



तोशाम। मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए। फोटो : हरिभूमि

## कोताही बरतने वाले पुलिस कर्मचारियों पर हो कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ तोशाम

मंगलवार को सब डिविजनल कार्यालय के बाहर एसयूसीआई कार्यकर्ताओं ने महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराधों, राजस्थान में दो बहनों के साथ सामूहिक दुष्कर्म और उनकी आत्महत्या की घटनाओं के विरोध में प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी तथा कार्रवाई में लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर राष्ट्रपति के नाम नायब तहसीलदार अशोक कुमार को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर पार्टी के जिला सचिव रोहतास सिंह सैनी ने कहा कि राजस्थान के जोधपुर में दो बहनों के साथ हुई दर्दनाक घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि बड़ी बहन को प्रेमजाल में फंसाकर उसका अश्लील वीडियो बनाया गया और उसे सार्वजनिक करने की धमकी देकर कई वर्षों तक सामूहिक दुष्कर्म किया गया। मानसिक प्रताड़ना से तंग आकर उसने मार्च में आत्महत्या कर ली। बाद में छोटी बहन ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर फूलचंद, नर सिंह, सुभाष जांगड़ा, रामकुमार कटारिया, रामनिवास, महेंद्र सिंह कटारिया, महेंद्र सिंह सागवान, राजवीर, अनिल कुमार, मनफूल सूबेदार, बहादुर अलखपुरा आदि मौजूद थे।

## महंगाई को लेकर कांग्रेस पार्टी ने ऊंट गाड़ी के साथ अनूठे अंदाज में किया विरोध प्रदर्शन, राज्यपाल को भेजा ज्ञापन



**चरखी दादरी।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष सुशील धानक के नेतृत्व में बढ़ती महंगाई, पेट्रोल-डीजल, सीएनजी, दूध सहित रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं के लगातार बढ़ते दामों, एचपीएससी की मनमानी तथा नीट परीक्षा पेपर लीक के विरोध में ऊंट गाड़ी पर बाइक लादकर रोज गार्डन से लघु सचिवालय तक अनूठे अंदाज में जोरदार नारेबाजी करते हुए रोष प्रदर्शन किया और राज्यपाल के नाम सीटीएम सुभाष चंद्र को ज्ञापन सौंपा। इससे पहले रोज गार्डन में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सुशील धानक ने कहा कि भाजपा सरकार ने महंगाई बढ़ाकर आम जनता की कमर तोड़ने का काम किया है। आज गरीब, किसान, मजदूर, कर्मचारी, छोटे दुकानदार और मध्यम वर्गीय परिवार महंगाई की मार से पूरी तरह परेशान हैं। पेट्रोल-डीजल और सीएनजी के बढ़ते दामों ने हर घर का बजट बिगाड़ दिया है, वहीं दूध जैसी आवश्यक वस्तुएं भी आम आदमी की पहुंच से दूर होती जा रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश का युवा नौकरी के लिए दर-दर भटक रहा है और दूसरी ओर लोक सेवा आयोग अपनी मनमानी करने में लगी हुई है। भर्ती प्रक्रियाओं में पारदर्शिता खत्म हो चुकी है तथा योग्य युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। उन्होंने नीट परीक्षा पेपर लीक मामले पर भाजपा सरकार को घेरा और शिक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े किए।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर पूर्व मुख्य संसदीय सचिव रणसिंह मान, पूर्व विधायक सोमवीर सिंह, किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय कन्वीनर राजू मान, संगठन महासचिव आनंद सिंह बीजारनिया, कोषाध्यक्ष सुनील दुरेजा, उपाध्यक्ष सुमित डूडीवाला आदि मौजूद रहे।

## महंगाई पर नहीं जनता पर रोक लगा पीएम मोदी स्वयं कर रहे विदेश यात्रा: भोलू

**भिवानी।** जब से प्रदेश व देश में भाजपा ने सत्ता संभाली है तब से बेरोजगारी, भ्रष्टाचारी, महंगाई, गुंडागर्दी कम होने की बाजए बढ़ती जा रही है। भाजपा सरकार प्रदेश व देश का विकास न करवा कर देश को धर्म के नाम पर बांटने का कार्य कर रही है। यह बात छात्र संघर्ष समिति के सदस्य जितेन्द्र भोलू ने आए दिन बढ़ रही महंगाई पर चिंता व्यक्त करते हुए कही। उन्होंने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी महंगाई पर रोक लगाने की बजाए देश की जनता पर रोक लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब देश व प्रदेश की जनता भाजपा की जनविरोधी नीतियां से तंग आ चुकी है।

## चंद्र प्रकाश बने कांग्रेस ओबीसी डिपार्टमेंट अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▸▸ तोशाम



हरियाणा प्रदेश कांग्रेस ओबीसी डिपार्मेंट का अध्यक्ष कांग्रेस विधायक चंद्रप्रकाश को नियुक्त करने से अति पिछड़ा वर्ग के लोगों में भारी उमंग और उत्साह है। निश्चित तौर से हरियाणा में कांग्रेस पार्टी को बहुत मजबूती मिलेगी क्योंकि चंद्र प्रकाश जमीन से जुड़े हुए नेता हैं और एक प्रशासनिक अधिकारी के तौर पर उनका कार्य करने का अच्छा अनुभव रहा है।

जिस प्रकार से चंद्रप्रकाश ने आदमपुर से पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी भजनलाल के गढ़ को तोड़कर के जीत हासिल कर कांग्रेस को मजबूत करने का कार्य किया था इस प्रकार हरियाणा कांग्रेस में पिछड़ा वर्ग डिपार्टमेंट का अध्यक्ष नियुक्त किए जाने से पूरे हरियाणा प्रदेश में कांग्रेस पार्टी को बहुत ज्यादा मजबूती मिलेगी। उक्त शब्द हरियाणा कांग्रेस कमेटी के पूर्व जिला मीडिया कोऑर्डिनेटर एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जगदीश जांगड़ा झांवरी ने कहे। उन्होंने चंद्र प्रकाश की नियुक्ति पर कांग्रेस की नेता सोनिया गांधी विपक्ष के नेता एवं न्याय योद्धा राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी ओबीसी डिपार्मेंट के अध्यक्ष डॉक्टर अनिल जय हिंद, हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राम नरेंद्र सिंह, विपक्ष के नेता चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा सहित तमाम कांग्रेस नेतृत्व का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि चंद्र प्रकाश को हरियाणा ओबीसी डिपार्मेंट का अध्यक्ष नियुक्त किए जाने से कांग्रेस पूरे हरियाणा प्रदेश में ओबीसी वर्ग में अपनी मजबूत पकड़ बनाएगी और निश्चित तौर से आने वाले चुनाव में पिछड़ा वर्ग के सहयोग से कांग्रेस पार्टी की भारी बहुमत से सरकार बनेगी।

## बहल थाना प्रभारी संजय कुमार का स्थानांतरण

**बहल।** बहल थाना प्रभारी संजय कुमार का मंगलवार को तबादला कर दिया गया है। उनकी जगह इंस्पेक्टर प्रवीन कुमार को बहल थमा का नया प्रभारी नियुक्त किया गया है। नए थाना प्रभारी प्रवीन कुमार इससे पहले बवानीखेड़ा थाना में प्रभारी थे। वहीं, बहल के थाना प्रभारी रहे संजय कुमार की जिला स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम में नियुक्ति की गई है। चेयरमैन रवि महमिया, पूर्व सरपंच गजानंद अग्रवाल, भाजपा मंडल पदाधिकारी हनुमान शर्मा पाजू, बहल एकता युवा संगठन प्रधान योगेश शर्मा ने नए प्रभारी प्रवीन कुमार का स्वागत किया है।

## लोकतंत्र में जनता की आवाज सर्वोपरि: सांसद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी


भिवानी। आयोजित बैठक में उपस्थित सांसद, विधायक व जिला अध्यक्ष।

क्षेत्र के चहुंमुखी विकास और प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी व जनोपयोगी बनाने के लिए भाजपा ने अपनी सांगठनिक सक्रियता बढ़ा दी है। इसी कड़ी में भाजपा जिला कार्यालय में विशेष बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में मुख्य रूप से भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र कौशिक और वरिष्ठ विधायक घनश्याम सर्राफ मौजूद रहे। नेताओं ने जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और क्षेत्र के विकास कार्यों व प्रशासनिक सुधारों को लेकर विस्तृत सुझाव लिए। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह ने कहा कि लोकतंत्र में जनता की आवाज ही सर्वोपरि होती है। संगठन और कार्यकर्ताओं के माध्यम से जनता की अपेक्षाओं को समझकर विकास कार्यों को और अधिक गति दी जा सकती है। बैठक की अध्यक्षता कर रहे भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र कौशिक ने संगठन की मजबूती और अंत्योदय की भावना पर बल दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा हमेशा अपने कार्यकर्ताओं के अनुभवों को प्राथमिकता देती है। कौशिक ने कहा कि जमीनी स्तर पर दिन-रात मेहनत करने वाले कार्यकर्ता ही संगठन की सबसे बड़ी ताकत हैं।

## अंतर सदनीय क्लब मीट प्रतियोगिता में टैगोर सदन के विद्यार्थियों ने मारी बाजी

**चरखी दादरी।** आरईडी स्कूल में शनिवार को अंतर सदनीय क्लब मीट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में सृजनात्मकता का विकास करना था। छात्रों ने इस प्रतियोगिता में भाग लेते हुए अपनी बौद्धिक, कलात्मक और वैज्ञानिक प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसके अंतर्गत लिटरेरी क्लब, बडिंग साइंस क्लब, सोशल एंड आईटी क्लब तथा सोशल साइंस क्लब की गतिविधियां आयोजित की गईं। प्रतियोगिता परिणामों में नौवीं से 10वीं कक्षा वर्ग में गांधी सदन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार छठी से आठवीं कक्षा में रमन सदन व तीसरी से पांचवीं कक्षा वर्ग में टैगोर सदन के विद्यार्थी प्रथम रहे। ओवरऑल परिणामों में टैगोर सदन के विद्यार्थी प्रथम व गांधी सदन के विद्यार्थी द्वितीय तथा रमन सदन के विद्यार्थी तृतीय स्थान पर रहे। प्राचार्या सिकंदर पूनिया ने सभी विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।






## खण्ड स्तरीय नेशनल रोल प्ले एवं फोक डांस प्रतियोगिता में प्रतिभाओं ने बिखेरा रंग

**चरखी दादरी।** सोमवार को शहीद दलबीर सिंह राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल में खण्ड स्तरीय नेशनल रोल प्ले एवं फोक डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी संध्या सुमन ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बच्चों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना एवं भारतीय संस्कृति के प्रति सम्मान की भावना विकसित करती हैं। नोडल अधिकारी डॉ. सतीश साहू ने परिणाम घोषित करते हुए बताया कि फोक डांस प्रतियोगिता में राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल दादरी की टीम ने शानदार प्रस्तुति देकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पीएम श्री राजकीय कन्या स्कूल चरखी दादरी की टीम ने हासिल किया, जबकि तृतीय स्थान राजकीय कन्या स्कूल चिड़िया की टीम को मिला। वहीं रोल प्ले प्रतियोगिता में पीएम श्री राजकीय कन्या स्कूल चरखी दादरी की टीम ने प्रथम रही।

## मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

**बवानीखेड़ा।** क्षेत्र के राजकीय उच्च विद्यालय भुरटाना में 19 मई को बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर मेरिट प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान में भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित इस समारोह में विद्यार्थियों का फूल-मालाओं से स्वागत किया गया, मिठाई खिलाई गई तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके पश्चात विद्यार्थियों की उपलब्धि पर पूरे गाँव में भव्य विजय जुलूस निकाला गया, जिसका ग्रामीणों ने जगह-जगह स्वागत किया। पूरे गाँव एवं विद्यालय में उत्साह, गर्व और खुशी का वातावरण देखने को मिला।मेरिट प्राप्त विद्यार्थियों ने अपने जूनियर विद्यार्थियों को मेहनत, अनुशासन एवं निरंतर अभ्यास के माध्यम से उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय अध्यापकों के मार्गदर्शन, अभिभावकों के सहयोग तथा अपनी नियमित मेहनत को दिया। विद्यालय इंचार्ज सज्जन कुमार ने बताया कि राजकीय उच्च विद्यालय भुरटाना पिछले वर्षों में भी निरंतर उत्कृष्ट परिणाम देता रहा है, परंतु इस वर्ष का परिणाम पहले से कहीं अधिक बेहतर एवं गौरवपूर्ण रहा है।






## 24 मई को अंबाला में परिवहन मंत्री निवास स्थान पर विरोध दर्ज कराएंगे

**चरखी दादरी।** हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन की बैठक मंगलवार को दादरी में डिपो प्रधान सुनील फौजी की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन डिपो सचिव योगेश जांगड़ा ने किया। बैठक में राज्य प्रधान नरेंद्र दिनोद, उप महासचिव पवन शर्मा द्वारा अवगत कराया गया कि परिवहन विभाग का निजीकरण किया जा रहा है। विभिन्न विभागों तरह कच्चे कर्मचारियों की भर्ती की जा रही है तथा रोडवेज विभाग को बड़े पूंजीपतियों को सौंपे जाने की तैयारी की जा रही है। कर्मचारियों के अधिकारों में कटौती कर चार श्रम संहिताएं थौंपी जा रही हैं, जिनसे हड़ताल एवं सामूहिक सौदेबाजी जैसे अधिकारों पर हमला किया जा रहा। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिए गए कि 24 मई को अंबाला स्थित परिवहन मंत्री के आवास पर रोडवेज कर्मचारियों द्वारा मास डेपुटेशन एवं प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा जाएगा।

### एक नवंबर से दिल्ली में बीएस-4 श्रेणी की गाड़ियों के संचालन को पूरी तरह बंद करने का निर्णय लिया

# दिल्ली सरकार के फैसलों के खिलाफ ट्रांसपोर्टर्स का 21 से 23 मई तक सांकेतिक बंद का ऐलान

तानाशाही बर्दाश्त नहीं, सरकार को झुकाने के लिए सीमाओं की घेराबंदी करेंगे ट्रांसपोर्टर्स: शर्मा

- बैठक में भिवानी और आसपास के क्षेत्रों के सैकड़ों ट्रांसपोर्टर और गाड़ी मालिक शामिल हुए

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी


भिवानी। दिल्ली सरकार के फैसले के खिलाफ एकजुट हुए ट्रांसपोर्टर्स।

दिल्ली सरकार द्वारा ट्रांसपोर्टरों पर थोपे नए नियमों व टैक्स के विरोध में देश के बड़े ट्रांसपोर्ट संगठनों ने आर-पार की लड़ाई का ऐलान किया है। अखिल भारतीय ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन और ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस समेत संयुक्त मोर्चे के आह्वान पर 21, 22 और 23 मई को दिल्ली-एनसीआर में तीन दिवसीय सांकेतिक बंद रखा जाएगा। इस दौरान दिल्ली की सीमाओं में मालवाहक वाहनों का प्रवेश पूरी तरह बंद रखने की रणनीति बनाई है। आंदोलन को जमीनी स्तर पर सफल बनाने के लिए ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष विजेंद्र बंसल की अध्यक्षता में घोसियान चौक पर अहम बैठक हुई। बैठक में भिवानी और आसपास के क्षेत्रों के सैंकड़ों ट्रांसपोर्टर और गाड़ी मालिक शामिल हुए।

शर्मा ने कहा कि डॉ. हरीश सभ्रवाल के नेतृत्व में संयुक्त मोर्चा तानाशाही रवैये के खिलाफ सरकार से अपनी नाराजगी जता रहा है। शर्मा ने पदाधिकारियों से अपील की कि वे भिवानी सहित आसपास के सभी गांवों में जाकर गाड़ी मालिकों से संपर्क साधें। उन्होंने सभी छोटे-बड़े मालवाहक मालिकों से निवेदन किया कि वे 21, 22 और 23 मई को अपनी गाड़ियां दिल्ली-एनसीआर की तरफ बिल्कुल न लेकर जाएं तथा हड़ताल को ऐतिहासिक बनाने के लिए सभी संगठन और गाड़ी मालिक एकजुट होकर समर्थन दर्ज करवाएं। उन्होंने कहा कि जब तक सरकार ग्रीन टैक्स और बीएस-4 गाड़ियों को बंद करने का फैसला वापस नहीं लेती या कोई व्यावहारिक समाधान नहीं निकालती, तब तक आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

### ये रहे मौजूद

बैठक में मुख्य रूप से प्रधान पवन केडिया, साधुराम धारेडू, लक्ष्मण शर्मा, संजय गोयल, पवन स्वामी, अमित गौतम, विनोद, नितिश भारद्वाज, रोहित भारद्वाज, रामबीर शर्मा, कुंदन अग्रवाल व जयभगवान शर्मा आदि मौजूद रहे।

### ग्रीन टैक्स व्यापार विरोधी

अखिल भारतीय ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष आरके शर्मा ने दिल्ली सरकार द्वारा वाणिज्यिक वाहनों पर बढ़ाए गए ग्रीन टैक्स को ट्रांसपोर्टर्स ने पूरी तरह अनुचित और व्यापार विरोधी बताया। शर्मा ने कहा कि सरकार द्वारा एक नवंबर से दिल्ली में बीएस-4 श्रेणी की गाड़ियों के संचालन को पूरी तरह बंद करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि अचानक लिए फैसले से हजारों गाड़ी मालिकों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो जाएगा।

# सहेली की उड़ान असेसमेंट को लेकर पीएम श्री विद्यालय में हुई विद्यार्थियों की परीक्षा

दीपक कुमार डुमड़ा ▸▸ बवानीखेड़ा

बवानीखेड़ा स्थित वीर शहीद गुलाब सिंह पीएमश्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को "सहेली की उड़ान" कार्यक्रम के तहत छात्राओं का बेसलाइन असेसमेंट आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यालय में छठी से नौवीं कक्षा तक की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पहले दिन 6टी कक्षा के विद्यार्थियों की असैसमेंट हुई। कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरियों की शैक्षणिक क्षमता, आत्मविश्वास, तार्किक सोच और डिजिटल समझ का आकलन करना रहा, ताकि भविष्य में उन्हें बेहतर मार्गदर्शन और प्रशिक्षण प्रदान किया जा सके।


बवानीखेड़ा। पीएमश्री विद्यालय में सहेली की उडान असेसमेंट में मौजूद छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

### विद्यार्थियों में दिखा उत्साह

सीआरसी-कम-प्राचार्य आनंद शर्मा ने बताया कि विद्यालय यह असेसमेंट विशेष रूप से छात्राओं के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए आयोजित किया जा रहा है। परीक्षा के दौरान छात्राओं में काफी उत्साह देखने को मिला। विद्यार्थियों ने पूरे मनोयोग से प्रश्नों को हल किया और नई प्रकार की गतिविधियों में रुचि दिखाई। छात्राओं ने कहा कि अपनी क्षमता पहचानने का अवसर मिलता है।

### क्षमता जरूरी

स्वतालीम फाउंडेशन की कलस्टर लीड कर्मचारी रमन देवी ने बताया कि विद्यालय के शिक्षकों ने बताया कि "सहेली की उड़ान" कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किशोरियों को शिक्षा के साथ-साथ आत्मनिर्भरता और नेतृत्व क्षमता की ओर प्रेरित करना है। इसके माध्यम से छात्राओं की सीखने की स्थिति को समझा जाएगा और जिन क्षेत्रों में सुधार की आवश्यकता होगी।

### समझ विकसित करना जरूरी

खंड शिक्षा अधिकारी सतेन्द्र सिंह ने कहा कि आज के समय में केवल पाठ्यपुस्तक ज्ञान ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि बच्चों में आत्मविश्वास, संवाद क्षमता और तकनीकी समझ विकसित करना भी जरूरी है। इसी सोच के साथ यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि छात्राओं की सक्रिय भागीदारी यह दर्शाती है कि वे नई सीख और अवसरों के प्रति जागरूक हैं।

## खबर संक्षेप

### गांव डेरोली अहीर में रक्तदान शिविर आज

**मंडी अटेली।** भारत निर्माण युवा दल हरियाणा एवं नेकी की दीवार नीडी हेल्प ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में 20 मई को 48वां विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। यह शिविर सुबह नौ बजे से दोपहर तीन बजे तक राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान डेरोली अहीर में लगाया जाएगा। शिविर का आयोजन कपिल पुत्र घनश्याम द्वारा अपनी सुपुत्री व भांजे के प्रथम जन्मदिवस के उपलक्ष्य में किया जा रहा है।

### बाबा बुधनाथ का भंडारा आज

**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र के गांव बौचड़िया में बाबा बुधनाथ के सभी भक्तजनों को ओर से बाबा बुधनाथ का भंडारा व जागरण 20 मई को होगा। कमेटी प्रधान अमीलाल एवं संदीप लोटस राव ने बताया कि अरुण बोस एंड पार्टी द्वारा बाबा की महिमा का गुणगान करेंगे। जागरण सुबह 10 बजे से सायं तक चलेगा।

### उन्हाणी में रागनी कंपटीशन 23 को

**कनीना।** आगामी 23 मई ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि के अवसर पर उन्हाणी गांव में रागनी कंपटीशन का आयोजन किया जाएगा। सरपंच प्रतिनिधि जयप्रकाश ने बताया कि गांव के फलसा चौक पर रात्रि नौ बजे आयोजित होने वाले इस समारोह में हरियाणवी लोक गायक कलाकार रमेश कलावड़िया व उनकी पार्टी ऐतिहासिक व धार्मिक रागनियां प्रस्तुत देगी। इस दौरान ठंडे मीठे पानी की छबील भी लगाई जाएगी।

### शादी के दो दिन बाद विवाहिता लापता

**कनीना।** शहर थाना अंतर्गत एक गांव से नवविवाहित महिला लापता हो गई। इस बारे में जितेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह मूल रूप से राजस्थान के झुंझुनू जिले का रहने वाला है तथा पिछले समय से कनीना के समीपवर्ती गांव में रह रहा है। हाल ही में 15 मई को उसकी शादी यमुनानगर के एक गांव में हुई थी। उसने बताया कि 16 मई सुबह करीब चार बजे वह नई नवेली दुल्हन को अपने मामा के घर लेकर आया था। 17 मई को सुबह करीब साढ़े तीन बजे वह बिना बताए घर से चली गई। परिजनों की ओर से उसकी खोजबीन की गई, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। शहर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### बालाजी धर्मकांटा तोड़फोड़ मामले में आरोपित काबू

**नारनौल।** थाना शहर पुलिस ने नांगतिहाड़ी बाईपास स्थित बालाजी धर्मकांटा पर हुई मारपीट, तोड़फोड़ के मामले में कार्रवाई करते हुए सातवें आरोपित सचिन निवासी खोरड़ा झज्जर को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में पुलिस की ओर से छह आरोपितों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। आपस में हुई कहासुनी व झगड़े की रंजिश के चलते आरोपितों ने इस वारदात को अंजाम दिया था। शहरपुर निवासी शिकायतकर्ता हजारीलाल ने पुलिस थाना शहर में दर्ज करवाई गई एफआईआर के अनुसार वह नांगतिहाड़ी बाईपास पर बालाजी धर्मकांटा का संचालन करता है।

### निजी अल्ट्रासाउंड सेंटर की जांच की उठी मांग

**महेंद्रगढ़।** इस कार्रवाई के बाद महेंद्रगढ़ जिले में हड़कंप मच गया है और निजी अस्पतालों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार निलंबित मेडिकल ऑफिसर डॉ. प्रभा यादव के पति महेंद्रगढ़ में लंबे समय से आस्था अल्ट्रासाउंड सेंटर का संचालन कर रहे हैं। क्षेत्र के नागरिकों ने स्वास्थ्य मंत्री आरती राव सिंह से मांग की है कि इस मामले की गंभीरता को देखते हुए एक विशेष जांच टीम गठित की जाए। उनका कहना है कि सरकारी सेवा में तैनात अधिकारियों से जुड़े निजी स्वास्थ्य संस्थानों व अल्ट्रासाउंड सेंटरों की गहन व निष्पक्ष जांच होनी चाहिए, जिससे भ्रूण लिंग जांच के काले कारोबार पर पूरी तरह रोक लग सके और प्रदेश के लिंगानुपात में सुधार आ सके। वहीं इस बारे में सीएचसी सेहलंग की एमओ प्रभा यादव से दूरभाष पर जानकारी लेनी चाहिए।

---

### टीकाकरण अभियान 11 जून तक चलेगा

# जिले में घर-घर जाकर पशुओं को लगाए जा रहे हैं टीके

पशुपालक, पशु व टीकाकरण का दर्ज किया जा रहा ऑनलाइन रिकॉर्ड: डॉ. राजेश, गलघोटू जानलेवा बीमारी, मुंहखुर से किसान को होता आर्थिक नुकसान : डॉ. विजय



भिवानी। मंगलवार को टीकाकरण अभियान के दौरान गांव ललहाना में वैक्सीन के तापमान की जांच करते उपमंडलाधिकारी डा. राजेश जाखड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

पशुपालन एवं डेयरिंग विभाग प्रदेश के पशुओं को मुंहखुर व गलघोटू जैसी जानलेवा बीमारियों से बचाने के लिए घर-घर जाकर टीकाकरण कर रहा है। टीकाकरण अभियान 11 मई से शुरू होकर 11 जून तक चलेगा। पशुपालन विभाग के उपनिदेशक डॉ. रविंद्र सहरावत ने बताया कि पशु चिकित्सालयों में टीकाकरण के लिए टीमें बनाई गई है, ये टीमें घर-घर जाकर टीकाकरण का कार्य कर रही है। ये सभी टीमें पशु चिकित्सकों की देखरेख में टीकाकरण का कार्य कर रही है। पशु चिकित्सकों को टीम का सुपरवाइजर बनाया गया है। उपनिदेशक व उपमंडलाधिकारी भी समय-समय पर टीकाकरण के कार्य व तापमान की जांच करते है। पंचकूला से संयुक्त निदेशक स्तर के अधिकारी भी टीकाकरण की फील्ड में जांच कर रहे है। उन्होंने बताया कि इस वैक्सीन का तापमान 2 से 8 डिग्री सेंटीग्रेड होना चाहिए। उपमंडलधिकारी डॉ. राजेश जाखड़ ने बताया कि पशुपालक, पशु व टीकाकरण तीनों का ऑनलाbन रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है। इसके लिए पशु मालिक के मोबाइल पर ओटीपी आएगा, जिसे पशुपालन विभाग की टीम को बताना होगा, ताकि टीकाकरण का कार्य ऑनलाइन हो सकें। वहीं पशु के कान में लगा 12 अंकों से पशु का रजिस्ट्रेशन होगा। उन्होंने पशुपालकों से एक भी पशु छूटे न-सुरक्षा चक्र टूटे न के नारे को चरित्रार्थ करने में सहयोग देने की अपील की और सभी पशुओं का टीकाकरण अवश्य करवाएं।

#### टीकाकरण से नहीं होता गर्भपात

पशु चिकित्सक विजय सनसनवाल ने बताया कि गलघोटू जानलेवा बीमारी है, जबकि मुंहखुर से किसान को भारी आर्थिक नुकसान होता है। उन्होंने कहा कि पशुपालक भ्रांति न पाले कि टीकाकरण से गर्भपात होता है या दूध सूख जाता है। टीकाकरण पूरी तरह से सुरक्षित है, टीकाकरण से पशु को बुखार आ सकता हैं, जो सामान्य बात हैं, उसे तीन दिन बुखार की गोली दें, बुखार उतर जाएगा और तीन दिन पशु को गुड़ खिलाया जाए तो दूध भी नहीं घटेगा।

---

# संत बाबा कैलाश गिरी हुए ब्रह्मलीन

- क्षेत्र में शोक की लहर, 3 जून को लगाया जाएगा भंडारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बवानीखेड़ा



ब्रह्मलीन महंत कैलाश गिरी महाराज।

प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बाबा सोमवार पुरी कुटिया के महंत बाबा कैलाश गिरी महाराज ब्रह्मलीन हो गए। उनके महाप्रयाण की खबर मिलते ही पूरे क्षेत्र और उनके हजारों श्रद्धालुओं में शोक की लहर दौड़ गई है। नपा चेयरमैन सुंदर अत्री व समाजसेवी रविश सैनी ने बताया कि बाबा कैलाश गिरी जी महाराज का पूरा जीवन अध्यात्म, जनकल्याण और समाज सेवा को समर्पित था। सोमवार पुरी कुटिया के महंत के रूप में उन्होंने हमेशा समाज को सही राह दिखाई और कुटिया में आने वाले हर श्रद्धालु को अपनी सकारात्मक ऊर्जा और आशीर्वाद से निहाल किया। परंपरा के अनुसार बाबा की पार्थिव देह को अंतिम प्रणाम और समाधि देने की प्रक्रिया संत समाज के सानिध्य में पूरी की जाएगी। कई सामाजिक संगठनों और श्रद्धालुओं ने बाबा जी के चरणों में श्रद्धांजलि अर्पित की है।

#### श्रद्धालुओं का लगा तांता

समाजसेवी रविश सैनी ने बताया कि बाबा जी के ब्रह्मलीन होने की सूचना मिलते ही कुटिया परिसर में उनके अंतिम दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं स्थानीय नागरिकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं का तांता लग गया है। हर कोई नम आँखों से बाबा जी के समाज के प्रति किए गए उपकारों को याद कर रहा है। कैलाश गिरी महाराज का देवलोकगमन पूरे बवानीखेड़ा और संत समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उनका जाना एक ऐसे मार्गदर्शक को खोने जैसा है जिन्होंने हमेशा मानवता और सेवा का पाठ पढ़ाया।

---

# सरल केंद्र में लगी जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी

- लोग उत्सकुता के साथ कर रहे हैं प्रदर्शनी का अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग द्वारा लघु सचिवालय स्थित सरल केंद्र में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी लगाई है, जिसको लोग बड़ी उत्सुकता के साथ देख रहे हैं। प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में हो रहे विकास कार्यों और जनहितकारी योजनाओं की जानकारी दी गई है। विभाग की ओर से आमजन से अपील की गई कि नागरिक प्रदर्शनी से विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त करें और पात्र व्यक्ति योजनाओं का लाभ उठाएं। जनसंपर्क अधिकारी सुरेंद्र सिंगल ने बताया कि प्रदर्शनी का मुख्य विषय सबका साथ, सबका विकास, रखा गया और नागरिकों को इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए जागरूक किया गया।

#### 6,520 गांव ओडीएफ घोषित

स्वच्छ भारत मिशन के तहत प्रदेश में लगभग 8.5 लाख शौचालयों का निर्माण तथा 6,520 गांवों को ओडीएफ घोषित किए जाने की उपलब्धियों को दर्शाया गया है। पीएम कुसुम योजना के अंतर्गत हरियाणा में 1,90,915 सौर ऊर्जा पंप स्थापित किए गए, जिससे प्रदेश इस योजना में देशभर में दूसरे स्थान पर रहा। प्रदर्शनी में दिखाया गया है कि प्रधानमंत्री जनधन योजना के तहत प्रदेश में 1.08 करोड़ बैंक खाते खोले गए। उज्ज्वला योजना के तहत राज्य के गरीब परिवारों को 14.42 लाख गैस कनेक्शन प्रदान कर स्वच्छ एवं धुआं मुक्त रसोई सुनिश्चित की गई। स्टैंडअप इंडिया योजना के अंतर्गत प्रदेश में 7,504 लाभार्थियों को 1,507.15 करोड़ रुपये के ऋण स्वीकृत किए गए।

---

# जिज्ञासुओं ने ब्रह्मज्ञान प्राप्त किया

- सन्तों ने सर्व सांझीवालता के सन्देश के साथ ब्रह्मज्ञान की आवाज दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



भिवानी। गांव हालूवास में आयोजित सत्संग में उपस्थित श्रद्धालु। *फोटो : हरिभूमि*

सत्गुरु माता सुदीक्षा के पावन आशीर्वाद से गांव हालुवास के श्री गुरु रविदास मंदिर धर्मशाला में बीती रात को सन्त निरंकारी मिशन की ब्रांच भिवानी द्वारा भव्य संत समागम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कोटा (राजस्थान) से पधारे ज्ञान-प्रचारक महात्मा यशपाल सिंह ने की। इस समागम में भिवानी शहर के निरंकारी भक्तों के साथ-साथ हालुवास और आस-पास के अन्य क्षेत्रों से भारी संख्या में प्रभु प्रेमी श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर आशीर्वाद प्राप्त किया।

पूज्य यशपाल सिंह ने इस अवसर पर सत्गुरु माता सुदीक्षा का विजन पेश करते हुए कहा कि प्रत्येक इंसान को जीवन में रहते हुए ब्रह्मज्ञान प्राप्त करके अपनी आत्मा का कल्याण करना चाहिए। ब्रह्मज्ञान प्राप्ति के बाद ही निर्लेप प्रेम, सहनशीलता, उदारता,करुणा जैसे दिव्य गुणों का इंसान के जीवन में समावेश होता है और लोक सुखी तथा परलोक सुहैला होता है। बलदेव राज नागपाल जोनल इंचार्ज भिवानी जोन ने उपस्थित मानव परिवार के प्रति आभार प्रकट किया। सत्संग समाप्ति के पश्चात जिज्ञासुओं ने ब्रह्मज्ञान प्राप्त किया।

---

# पंचायती राज व्यवस्था की समझ विकसित होगी

- 'युवा सांसद व युवा ग्राम पंचायत' भविष्य के जिम्मेदार नागरिक बनाने में साबित होगी मील का पत्थर : मोनिका
- भिवानी डाइट का 'युवा सांसद व युवा ग्राम पंचायत' पर शिक्षक प्रशिक्षण संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोहारू



लोहारू। शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते जिला शिक्षा अधिकारी चरखी दादरी एवं डाइट प्राचार्य धर्मेंद्र। *फोटो : हरिभूमि*

भिवानी डाइट के तत्वावधान में लोहारू के राजकीय मॉडल संस्कृति वमा विद्यालय में मंगलवार 19 मई को 'युवा सांसद व युवा ग्राम पंचायत' विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम में ब्लॉक लोहारू, बहल एवं सिवानी के चयनित 5-5 स्कूलों से 2-2 शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन जिला शिक्षा अधिकारी चरखी दादरी एवं डाइट प्राचार्य धर्मेंद्र के नेतृत्व एवं भिवानी डाइट प्रभारी मोनिका कौशिक अध्यक्षता में हुआ। डाइट प्राचार्य धर्मेंद्र व भिवानी डाइट प्रभारी मोनिका कौशिक ने अध्यापकों को संबोधित करते हुए कहा कि 'युवा सांसद व युवा ग्राम पंचायत' जैसी गतिविधियां बच्चों को संविधान, संसदीय प्रणाली एवं पंचायती राज व्यवस्था की व्यावहारिक समझ देंगी और उन्हें पंचायती राज के अंतर्गत होने वाले विकास कार्यो एंव योजनाओं की जानकारी मिलेगी। यह पहल भविष्य के जिम्मेदार नागरिक तैयार करने में मील का पत्थर साबित होगी। कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर के रूप में डॉ. ओमप्रकाश पंवार ने उपस्थित होकर योजना की संपूर्ण रूपरेखा, उद्देश्य एवं क्रियान्वयन प्रक्रिया को विस्तार से समझाया।

#### बढ़ाया उत्साह

डाइट भिवानी प्रभारी मोनिका कौशिक ने सभी प्रतिभागियों को कार्यक्रम की बारीकियों से अवगत करवाया और इसे विद्यार्थियों में लोकतांत्रिक मूल्यों एवं नेतृत्व क्षमता विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। इस मौके पर विद्यालय प्राचार्या पूनम उपस्थित रहीं और उन्होंने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतिभागी शिक्षकों ने अपने-अपने विद्यालयों में योजना को प्रभावी रूप से लागू करने का संकल्प लिया।

---

#### शिक्षकों से मांगी ऑनलाइन रुचि अभिव्यक्ति

# सरकारी स्कूलों में अब पढ़ाई जाएगी जर्मन भाषा

- इच्छुक शिक्षकों से ऑनलाइन एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट किए हैं आमंत्रित
- यह कार्यक्रम जर्मन एम्बेसी के सहयोग से होगा संचालित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

हरियाणा के सरकारी विद्यालयों में शिक्षा के स्तर को अंतरराष्ट्रीय आयाम देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए जर्मन भाषा को वैकल्पिक विषय के रूप में शुरू करने की तैयारी कर ली है। शिक्षा विभाग ने इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत प्रदेशभर के इच्छुक शिक्षकों से ऑनलाइन एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट आमंत्रित किए हैं।

#### ऑनलाइन होंगे आवेदन स्वीकार

सभी आवेदन केवल एमआईएस पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन स्वीकार किए जाएंगे। विभाग ने पात्र शिक्षकों से निर्धारित समय सीमा 20 मई तक आवेदन करने का आग्रह किया है। शिक्षा विभाग की इस नई पहल को राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की भावना के अनुरूप माना जा रहा है, जिसमें विद्यार्थियों को बहुभाषीय और वैश्विक शिक्षा से जोड़ने पर विशेष बल दिया गया है।

---

# जिला जनगणना के कार्य में सबसे आगे

- 46 प्रतिशत कार्य हो चुका पूरा, मुख्य सचिव भी कर चुके सराहना
- जिला के नाम होने जा रही है एक और उपलब्धि

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

दादरी जिला एक बार फिर से पूरे प्रदेश के लिए नजीर बनने जा रहा है। जिला को एक और उपलब्धि प्राप्त होने वाली है। जनगणना 2027 के पहले चरण के तहत किया जा रहा मकान सूचीकरण का कार्य पूरे प्रदेश में सबसे पहले पूरा होने की उम्मीद है। मंगलवार सुबह तक 46.42 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है और जिला जनगणना के कार्य में सबसे आगे है। जनगणना के अच्छे कार्य के लिए मुख्य सचिव भी सराहना कर चुके हैं।

इसको लेकर मुख्य जनगणना अधिकारी एवं उपायुक्त डा मुनीश नागपाल ने कहा कि जनगणना कार्य के पहले चरण की अच्छी प्रगति संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की मेहनत का परिणाम है। जनगणना की घोषणा के बाद से ही संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रशिक्षण के दौरान सभी बारिकियों को सही प्रकार से समझा और इसी का कारण है कि जिला में जनगणना के कार्य के दौरान अभी तक कोई परेशानी सामने नहीं आई है। उन्होंने बताया कि जिला में डिजिटल जनगणना 2027 के पहले चरण के तहत जिला में मकान सूचीकरण का कार्य किया जा रहा है। इसके लिए जिला में कुल 1019 मकान सूचीकरण ब्लॉक यानी एचएलबी बनाए गए हैं और सभी ब्लॉक पर कार्य किया जा रहा है। इनमें से लगभग 473 ब्लॉक पर कार्य पूरा हो चुका है और 546 ब्लॉक पर कार्य चल रहा है।

जनगणना को लेकर उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि अबकी बार जनगणना डिजिटल तरीके से की जा रही है। ऐसे में सभी प्रगणक सुनिश्चित करें कि कोई भी दादरी लिखित में न ले और ना ही खुद लिखे। सभी प्रगणक मकान सूचीकरण के कार्य को गंभीरता से लेते हुए निर्धारित अवधि में पूर्ण करें। उपायुक्त ने कहा कि जनगणना का कार्य महत्वपूर्ण है। इन्हीं आंकड़ों के आधार पर देश के विकास के कार्यक्रम तथा कल्याणकारी योजनाएं निर्धारित होंगी।

उन्होंने कहा कि सभी स्कूल मुखिया जनगणना में तैनात प्रगणकों को आवश्यक हिदायत दें कि वे स्कूल समय के उपरांत जनगणना के कार्य को करें। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा प्रगणकों की सुविधा को मद्देनजर रखते हुए एक प्रगणक को 150 से 200 घर ही गणना के लिए दिए गए हैं। यदि प्रगणकों को मकान सूचीकरण के दौरान कोई असुविधा होती है तो वे सुपरवाईजर अथवा चार्ज अधिकारी से सम्पर्क कर सकते हैं। जिला प्रशासन द्वारा सभी चार्ज अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे प्रगणकों की समस्याओं का तुरंत समाधान करवाए।

---

# देशव्यापी भुगतान चेतावनी दिवस पर कल सत्याग्रह करेंगे ठगी पीड़ित निवेशक

- कानून बने सात साल हो चुके, पीड़ितों को नहीं मिला एक भी पैसाः तपजप

**भिवानी।** विभिन्न चीट फंड कंपनियों में कमाई गंवा चुके लाखों पीड़ित निवेशकों का सब्र अब जवाब दे चुका है। ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार (तपजप) संगठन ने सरकार के खिलाफ आर-पार की जंग का ऐलान किया हैं और 21 मई को संगठन देशव्यापी भुगतान चेतावनी दिवस मनाएगा, जिसके तहत राष्ट्रव्यापी सत्याग्रह कर देश के प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को खुला भुगतान चेतावनी ज्ञापन सौंपेंगा। इसी कड़ी में भिवानी में तपजप संगठन के बैनर तले पीड़ित निवेशक बड्स एक्ट-2019 के भिवानी के सक्षम अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के माध्यम से प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री को मांगपत्र सौंपा जाएगा। तपजप के अध्यक्ष ने कहा कि ठगी पीड़ितों के अधिकारों की रक्षा के लिए देश की संसद ने सर्वसम्मति से अनियमित जमा योजनाएं पाबंदी अधिनियम 2019 (बड्स एक्ट-2019) पास किया था। इस कानून के तहत 180 दिनों के भीतर चीट फंड कंपनियों को डूबी राशि का भुगतान करना था, लेकिन बड्स एक्ट-2019 बनने के सात साल बीत जाने के बाद भी सरकार ने किसी भी ठगी पीड़ित का एक भी पैसा वापस नहीं करवाया है। यह न केवल देश के करोड़ों गरीब जमाकर्ताओं के साथ धोखा है।

---

### अंडर-11 आयुवर्ग के 30 किग्रा भारवर्ग में पहलवान विराट ने हासिल की ऐतिहासिक उपलब्धि

# दंगल महोत्सव में विराट ने जीता हरियाणा केसरी का खिताब, क्षेत्र में खुशी की लहर

हर मुकाबले में विराट की तकनीक और एकाग्रता से विरोधी हुए चारों खाने चित

- प्राचार्य बजरंग तंवर व संचालिका रेणुका शर्मा ने विराट के माता-पिता और उनके कोच को बधाई दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी




भिवानी। हरियाणा केसरी का खिताब जीतने वाले विराट का स्वागत करते खेलप्रेमी।

खेलों की नर्सरी कहे जाने वाले भिवानी जिले की धरती से एक बार फिर नन्हें पहलवान विराट ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। हिसार में हुई हरियाणा दंगल महोत्सव में गांव कलिंगा स्कूल के होनहार छात्र विराट ने कुश्ती के मैट पर अपनी शानदार खेल प्रतिभा का प्रदर्शन कर इतिहास रच दिया है। विराट ने अंडर-11 आयुवर्ग के 30 किलोग्राम भारवर्ग में हरियाणा केसरी का खिताब अपने नाम कर गोल्ड मेडल (प्रथम स्थान) पर कब्जा किया। नन्हें पहलवान विराट की ऐतिहासिक उपलब्धि से पूरे परिवार और क्षेत्र में जश्न का माहौल है।

#### विरोधी को 50 हजार रूपये का नकद पुरस्कार

विराट की स्वर्णिम सफलता पर स्कूल प्रबंधन, प्राचार्य व समस्त स्टाफ ने बेहद गर्व व्यक्त किया। प्राचार्य बजरंग तंवर व संचालिका रेणुका शर्मा ने विराट के माता-पिता और उनके कोच को बधाई देते हुए कहा कि एक खिलाड़ी को तराशने में परिवार और गुरु की भूमिका सबसे अहम होती है। विराट की जीत साबित करती है कि सही मार्गदर्शन और मेहनत मिले, तो बच्चे किसी भी मुकाम को हासिल कर सकते हैं। दंगल महोत्सव में विराट का सफर बेहद प्रेरणादायक रहा। उन्होंने अपने दमदार दांव-पेंच, बेजोड़ अनुशासन और कड़ी मेहनत के बल पर विरोधियों को चारों खाने चित कर दिया। हर मुकाबले में विराट की तकनीक और एकाग्रता देखने लायक थी। आयोजकों ने विरोध को 50 हजार रूपये का नकद पुरस्कार और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। विराट की जीत पर कुश्ती जगत के कई जाने-माने चेहरों ने उनकी पीठ थपथपाई और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर कोच संजू पहलवान, विनोद पहलवान, सतीश खरक, नरेंद्र पहलवान, विक्की फौजी और अजय ने विराट को विशेष रूप से बधाई दी।

---

**HITKARI COLLEGE OF EDUCATION**
VPO.MANDOLA, TEHSIL AND DISTT. CH. DADRI
RUN BY:-HITKARI SHIKASHA SAMITI,
VPO MANDOLA, TEHSIL AND DISTT. CH. DADRI
REGISTERED

TO
All Members

**Sub: Notification of Election Schedule and Publication of List of Voters/Members of the Society.**

All the members of Society are informed that the Members of the Hitkari College of Education, Mandola run by HitkariShikshaSamiti, VPO Mandola, Tehsil and District CharkhiDadri will elect the Office Bearers i.e. One President, One Vice-President, One General Secretary, One Treasurer and eleven executive members of the Governing Body of the Society.

The Governing Body of the Hitkari College of Education Mandolarun by HitkariShikshaSamiti, VPO Mandola, Tehsil and District CharkhiDadri has finalized the list of members entitled to vote. The publication and schedule of election of the Governing Body to be conducted is as under:-

| Sr. No | Particulars | Date & Time |
|---|---|---|
| 1. | Notification of Election and Publication of List of Members/Voters | 22.05.2026 |
| 2. | Filling of Nomination Papers | 26.05.2026 |
| 3. | Scrutiny of Nomination Papers | 29.05.2026 |
| 4. | Withdrawal of Nomination Papers | 31.06.2026 |
| 5. | Display of list of contesting candidates & allotment of election symbol | 02.06.2026 |
| 6. | Polling of Votes | 05.06.2026 |
| 7. | Counting of Votes and Declaration of Results | 05.06.2026 |

*President*

## सेक्टर 13 में ग्रीन बेल्ट और गाड़ी पार्किंग पर चला हथौड़ा, सेक्टर 13 के बाद 23 में चलेगा अभियान

# पॉश कॉलोनियों में अतिक्रमण पर चला बुलडोजर, तोड़े चबूतरे

**दो माह पहले नोटिस देने के बावजूद भी लोगों ने नहीं हटाए अवैध निर्माण**

■ कुछ लोगों ने दस्ते के साथ उलझने का भी प्रयास किया,लेकिन भारी पुलिस बल की मौजूदगी के चलते उनका विरोध नहीं चला

■ यहां तक कि पूरा रोड होने के बावजूद भी दो वाहन बराबर से नहीं निकल पा रहे हैं, लोगों ने दी थी प्रशासन और हाईकोर्ट में शिकायत





सेक्टर 13

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

मंगलवार को शहर की पॉश कॉलोनी सेक्टर 13 में मकानों के आगे किए गए अतिक्रमण पर एचएसवीपी का बुलडोजर चला। इस दौरान मकानों के आगे बनाई गई ग्रीन बेल्ट, रेम्प, चबूतरे व गाड़ी की पार्किंग आदि को जमीदोंज किया गया। इस दौरान कुछ लोगों ने एक दूसरे को अतिक्रमण को पहले हटाने को लेकर विरोध जताया,लेकिन भारी पुलिस की मौजूदगी के चलते उनका विरोध ज्यादा देर तक नहीं चला। दस्ते के आगे जो भी अतिक्रमण आया। उसको ध्वस्त करके रास्ते को चौड़ा कर दिय। पूरे दिन सेक्टर 13 में यह अभियान चला। बताया जा रहा है कि उक्त सेक्टर में यह अभियान हाई कोर्ट के आदेश के बाद चलाया गया है।

सुबह नौ बजे एचएसवीपी के कनिष्ठ अभियंता मनोज की अगुवाई व सेक्टर पुलिस चौकी की पुलिस के साथ लेकर मकानों के आगे बने अतिक्रमण को हटाने का कार्य शुरू किया। कुछ लोग घरों से बाहर निकल आए। उन लोगों का तर्क था कि उनकी बजाए पहले पड़ोसी का अतिक्रमण हटाया जाए। इस पर कनिष्ठ अभियंता ने बताया कि किसी का भी अतिक्रमण को नहीं छोड़ा जाएगा। कुछ लोगों ने दस्ते के साथ उलझने का भी प्रयास किया,लेकिन भारी पुलिस बल की मौजूदगी के चलते उनका इस तरह का विरोध नहीं चला। करीब दो सौ से ज्यादा मकानों के आगे हुए अतिक्रमण को हटाया गया। इनमें मकानों के साथ बनाई गई ग्रीन बेल्ट, पार्क, रेम्प व पौड़ी तथा गाड़ियों को खड़ी करने के लिए लौहे की जाली लगाकर पार्किंग आदि को तोड़ा जाना शामिल था। दस्ते ने उक्त जगहों से निकले मलबें को वहीं डाल दिया। बाकी कचरे को उठाकर ट्रक्टर ट्राली से बाहर फेंकवा दिया। जितनी देर तक यह अभियान चला। उतनी देर तक लोगों में हड़कम्प मचा रहा। बताते हैं कि कुछ सेक्टर में अलॉटियों ने प्रशासन व हाईकोर्ट में भी शिकायत दी थी कि अनेक जगहों पर मकानों के आगे लोगों ने अतिक्रमण किया हुआ है। जिस वजह से सड़कों की चौड़ाई पूरी तरह से घट गई है। यहां तक कि पूरा रोड होने के बावजूद भी दो वाहन बराबर से नहीं निकल पा रहे हैं। अगर लोगों के अतिक्रमण से वाहन छू भी जाए तो वे उनके साथ झगड़ने लगते हैं। उसके बाद हाई कोर्ट ने संज्ञान लेते हुए सेक्टर 13 व 23 में जितने भी अतिक्रमण है। उनको तत्काल हटाने के निर्देश दिए। अदालत के आदेश के बाद एचएसवीपी ने अतिक्रमणकारियों को दो माह पहले नोटिस दिए थे,लेकिन किसी ने अपनी मर्जी से अतिक्रमण के नहीं हटाया। अब बीते रविवार को भी एचएसवीपी की तरफ अतिक्रमण हटाने की मुनादि करवाई थी,लेकिन किसी भी अतिक्रमणकारी के कान पर जूं तक नहीं रेंगी। जिसके चलते आज एचएसवीपी विभाग ने अभियान चलाकर अतिक्रमण को गिराना शुरू कर दिया।

### इससे पहले हाऊसिंग बोर्ड में चलाया था अभियान

एचएसवीपी के कनिष्ठ अभियंता मनोज ने बताया कि हाईकोर्ट के आदेश पर यह कार्रवाई शुरू की गई है। विभाग की तरफ से दो माह पहले अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी किए गए थे। उसके बाद बीते रविवार को भी मुनादि करवा कर उनको सूचित किया गया,लेकिन अतिक्रमणकारियों के कान पर जूं तक नहीं रेंगी। पब्लिक खुश है कुछ लोग नाराज भी हैं। इससे पहले हाऊसिंग बोर्ड में चलाया था। अब हमने 19 तारीख से अभियान चलाने का ऐलान कर दिया था। 18 से 22 तक सेक्टर 13 में उसके बाद सेक्टर 23 से 29 तक चलेगा सेक्टर 23 में इस तरह अभियान चलाया जाएगा। इस मामले में किसी की कोई ढिलाई नहीं होगी। डीसी साहब इस मामले पर खुद नजर रखे हुए है।

धोखाधड़ी का आरोपी गिरफ्तार

## शेयर मार्केट में इन्वेस्टमेंट के नाम पर ठगे पौने आठ लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी




पुलिस की थाना साइबर क्राइम टीम ने शेयर मार्केट में इन्वेस्टमेंट के नाम पर लाखों रुपये की साइबर धोखाधड़ी करने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। शिकायतकर्ता हरदीप निवासी बिधवान ने थाना साइबर क्राइमभिवानी में शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि 9 अक्तूबर को फेसबुक देखते समय उसे एक विज्ञापन दिखाई दिया।

विज्ञापन पर क्लिक करने के बाद वह एक टेलीग्राम ग्रुप से जुड़ गया। इसके बाद आरोपियों द्वारा उसे इंटरनेशनल शेयर मार्केट में निवेश करने के नाम पर लुभावने ऑफर दिए गए तथा अलग-अलग तिथियों में कुल 7,74,000 रुपये अपने खातों में ट्रांसफर करवा लिए गए। बाद में शिकायतकर्ता को पता चला कि उसके साथ शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर साइबर धोखाधड़ी की गई है। शिकायत पर थाना साइबर क्राइम भिवानी में संबंधित धाराओं के तहत अभियोग दर्ज किया गया था। मामले में प्रभावी कार्रवाई करते हुए थाना साइबर क्राइम भिवानी के मुख्य सिपाही अमरजीत ने आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान रॉबिन पुत्र हंसराज निवासी खानपुर, साउथ दिल्ली के रूप में हुई है। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह दिल्ली में रेहड़ी लगाने का काम करता है तथा उसने अपना बैंक खाता 4,000 रुपये में साइबर अपराधियों को उपलब्ध करवाया था। ऑनलाइन धोखाधड़ी की गई राशि आरोपी रॉबिन के बैंक खाते में डाली गई थी।

■ दिल्ली में रेहड़ी लगाता है आरोपी, ठगों को चार हजार रुपये में दिया था खाता

### तीन जून को निर्माण मजदूर करेंगे पंचायतः कामरेड

**बाढ़ड़ा।** उपमंडल के निर्माण श्रमिकों ने गांव नांधा व कारी रूपादास में श्रम विभाग की मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन किया और प्रदेश सरकार का पुतला फूंककर रोष जताया। विरोध प्रदर्शन की अध्यक्षता भवन निर्माण कामगार यूनियन सीटू के ब्लॉक प्रधान भूपसिंह नांधा ने की। यूनियन सीटू के राज्य महासचिव कामरेड सुखबीर सिंह प्रभात तथा जिला संयोजक सुमेर सिंह ने कहा कि तीन जून को मजदूर महापंचायत करेंगे, जिसमें सभी जनसंगठन, पंचायत, जिला पार्षद, पंचायत समिति, विपक्ष राजनीति पाटी आमंत्रित हैं। उन्होंने कहा कि सभी जनप्रतिनिधि मजदूरों का समर्थन करें और पिछले 11 महीनों से श्रम पोर्टल बंद पड़ा है, जिसकारण हजारों निर्माण मजदूरों के पंजीकरण, नवीनीकरण और श्रमिक योजनाओं के लाभ पूरी तरह बंद हो गए हैं।



**तोशाम।** पीने के पानी के लिए लाइन बिछाने के लिए भेजे गए पाइप।

## बुशान में पीने के पानी की पाइप लाइन बिछाने का काम शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

*ट्यूबवेल का पानी पीने के लिए मजबूर हैं ग्रामीण, बीमार होने का भय*

क्षेत्र के गांव बुशान में गत दिनों पहले ग्रामीणों ने पूर्व राज्यसभा सांसद किरण चौधरी को पीने के पानी की लाइन लगवाने के लिए मांग पत्र सौपा था। जिस पर सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी ने संज्ञान लेते हुए सम्बधित विभाग के अधिकारियों को ढाणी तक पाइप लाइन लगाने के दिशा-निर्देश दिए थे। मंगलवार को तोशाम भाजपा संयोजक एडवोकेट हरिसिंह सांगवान की देखरेख में पाइप लाइन बिछाने का कार्य शुरू करवा दिया गया। ग्रामीण रघुबीर सिंह बीडीसी, दलीप सिंह, उमेद सिंह, प्रधान रामबीर बुशान, सतपाल, सुनील शर्मा, सतबीर, भीम सिंह, साधु राम आदि ग्रामीणों ने बताया कि पीने के पानी की बड़ी समस्या थी। ट्यूबवेल का पानी पीने के लिए मजबूर थे। जिससे बीमार होने का भय रहता है। अब हमारी समस्या का समाधान हो गया है। ग्रामीणों ने पेयजल लाइन के लिए पाइपलाइन पहुंचने पर पूर्व राज्यसा सांसद किरण चौधरी व सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी का आभार प्रकट किया।

# 24 को अंबाला में मंत्री के निवास पर दहाड़ेंगे कर्मचारी : नरेंद्र

■ कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने अपील लेकर पहुंचेंगे रोडवेज कर्मचारी अंबाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन की महत्वपूर्ण बैठक भिवानी में डिपो प्रधान अनिल फौजी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक का संचालन डिपो सचिव अनिल नागर द्वारा किया गया। बैठक में राज्य प्रधान नरेंद्र दिनोद, महासचिव सुमेर सिवाच, उप महासचिव पवन शर्मा द्वारा अवगत कराया गया कि परिवहन विभाग का निजीकरण किया जा रहा है। विभिन्न विभागों तरह कच्चे कर्मचारियों की भर्ती की जा रही है तथा रोडवेज विभाग को बड़े पूँजीपतियों को सौंपे जाने की तैयारी की जा रही है। कर्मचारियों के अधिकारों में कटौती कर चार श्रम संहिताएँ थोपी जा रही हैं, जिनसे हड़ताल एवं सामूहिक सौदेबाजी जैसे अधिकारों पर हमला किया जा रहा ह बैठक में सर्वसम्मति से निम्नलिखित निर्णय लिए गए 24 मई को अंबाला स्थित य परिवहन मंत्री के आवास पर रोडवेज कर्मचारियों द्वारा मास डेपुटेशन एवं प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा जाएगा। इस दौरान कच्चे कर्मचारियों से पक्का करने संबंधी याचिका फॉर्म भरवाकर मंत्री महोदय को सौंपे जाएंगे परिवहन विभाग का निजीकरण तत्काल प्रभाव से रोका जाए।विभाग के बेड़े में 10 हजार नई बसें शामिल की जाएँ। माननीय न्यायालय के आदेशानुसार एचकेआरएन व अन्य सभी कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया जाए तथा भविष्य में केवल पक्की भर्ती की जाए।



**भिवानी।** आयोजित मीटिंग में उपस्थित कर्मचारी।

### एक साल में 33 अवकाश दिए जाएं

चालक व परिचालकों को माह में 30 रात्रि ठहराव का भुगतान किया जाए। सभी कर्मचारियों को पूर्व की भाँति देय अर्जित अवकाश लागू किया जाए तथा एक वर्ष में 33 अवकाश दिए जाएँ। चालकों की पदोन्नति के लिए 194 पोस्ट अड्डा इंचार्ज की सृजित की जाएँ। कर्मशाला के ग्रुप-डी कर्मचारियों को कॉमन कैडर से बाहर कर तकनीकी वेतनमान देकर पदोन्नति का लाभ दिया जाए। 2008 में भर्ती परिचालकों को रिक्त उप-निरीक्षक के पदों पर शीघ्र पदोन्नत किया जाए। 10 वर्ष के बकाया बोनस का भुगतान किया जाए। चालक व परिचालकों से झगड़े/मारपीट के मामलों में सख्त कार्यवाही की जाए। कर्मचारियों पर थोपी जा रही चारों श्रम संहिताएं वापस ली जाएं।

### 24 मई को बौंद कलां में लगेगा निःशुल्क मेडिकल कैंप : अंचल

**भिवानी।** भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से सांसद चौ. धर्मबीर सिंह व प्रदेश सरकार के स्वास्थ्य मुहिम को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से शुरू किए अभियान को गति देते हुए ग्रामीण अंचल में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने और पूर्व सैनिकों के सम्मान में स्थानीय दिनोद गेट स्थित अंचल मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल और मेदांता हस्पताल गुरुग्राम एक सराहनीय कदम उठाया गया है। जिसके तहत दोनों अस्पतालों द्वारा संयुक्त रूप से 24 मई रविवार एक निःशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर बौंद कलां स्थित बाबा चांदू दास धाम में प्रातः 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक लगाया जाएगा। अंचल हॉस्पिटल के निदेशक डा. विनोद अंचल ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य उन लोगों तक विशेषज्ञ डॉक्टरों की सेवाएं पहुंचाना है, जो बड़े शहरों के अस्पतालों में जाने में असमर्थ है। डा. विनोद अंचल ने कहा कि देश के पूर्व सैनिक और उनके परिवार हमारे गौरव हैं।

## सख्ती का असरः सूचीकरण के कार्य में जुटे सभी प्रगणक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

### काम पूरा नहीं करने वालों से मांगा जाएगा स्पष्टीकरणः डीसी

डीसी साहिल गुप्ता के सख्ती से जिला में जनगणना-2027 अभियान में जिला में नियुक्त सभी प्रगणक अपने काम पर लग गए हैं।

भले ही मकानों की गणना का कार्य 30 मई तक चलेगा, लेकिन डीसी ने जिला में 24 मई तक मकानों की सूचीकरण का कार्य पूरा करने का लक्ष्य रखा है ताकि जरूरी डाटा सामग्री समय रहते जिला मुख्यालय पर सब्मिट की जा सके। निर्धारित समयावधि में मकानों की सूचीकरण का कार्य पूरा नहीं करने वाले प्रगणकों व उनसे संबंधित अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा जाएगा। वहीं दूसरी ओर जिला मुख्यालय पर डीसी की सख्ती के चलते 246 प्रगणकों ने अपना-अपना काम शुरू कर दिया है। उल्लेखनीय है कि जनगणना-2027 तहत जिला में गणना कार्य के लिए जिला में 2080 ब्लॉक बनाए गए हैं। एक ब्लॉक में 700 से 900 की जनसंख्या है, यानि करीब 150 से 200 मकान शामिल हैं। गणना कार्य के लिए जिला में करीब 2500 एन्यूमरेटर यानि प्रगणक लगाए गए हैं। इसके अलावा 6 प्रगणक पर एक सुपरवाईजर लगाया गया है। ऐसे में करीब 600 सुपरवाइजर हैं। पिछले चार रोज पहले डीसी गुप्ता ने कार्य शुरु नहीं करने वाले 246 प्रगणकों को शीघ्र काम शुरु नहीं करने पर कार्रवाई की चेतावनी दी थी। डीसी की तीखे तेवरों चलते सभी 246 प्रगणकों ने काम शुरु कर दिया है। फिलहाल की स्थिति पर नजर डालें तो मकानों की सूचीकरण के लिए बनाए गए ब्लॉक में भिवानी तहसील में 566 ब्लॉक में से 541 पर काम शुरू हो चुका है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज़ पर मान्य। अन्य किसी साईज़ के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

बहाली की मांग को लेकर दूसरे दिन भी जताया विरोध

# इंजीनियर की बहाली के लिए लिखित ऑर्डर की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

मंगलवार को भी इंजीनियर साथियों की बहाली की मांग को लेकर इंजीनियरों का धरना जारी रहा। हालांकि अधीक्षण अभियंता के मोबाइल फोन से चीफ इंजीनियर ने प्रदर्शनकारी इंजीनियरों को उनके साथियों का कल तक बहाली का भरोसा दिलाया, लेकिन इंजीनियर लिखित आर्डर आने तक आंदोलन जारी रखने की बात पर अड़े रहे। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि जब तक उनके साथियों के बहाली के आर्डर लिखित में नहीं आ जाते। तब तक वे धरना खतम करने का ऐलान नहीं करेंगे। चाहे उनको आंदोलन कितने और दिन चलाना पड़े तो वे पीछे नहीं हटेंगे। उल्लेखनीय है कि सिंचाई विभाग के दो कनिष्ठ अभियंताओं की बहाली की मांग को लेकर इंजीनियर एसोसिएशन के सदस्य धरने पर बैठे है।

इसी क्रम में एसो. के पदाधिकारियों ने मंगलवार को सिंचाई विभाग में अधीक्षक अभियंता कार्यालय के बाहर धरना दिया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। हड़ताल के दूसरे दिन भी कोई भी कनिष्ठ अभियंता ने कामकाज नहीं संभाला। अधीक्षण अभियंता पहुंचे मोबाइल लेकर करीब तीन बजे के आसपास सिंचाई विभाग के अधीक्षक अभियंता ओपी बिश्नोई अपना मोबाइल फोन होल्ड करके धरनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने प्रदर्शनकारी इंजीनियरों को बताया कि चीफ इंजीनियर नीतिश जैन बात करना चाहता है। इस दौरान कर्मचारियों ने मोबाइल का स्पीकर ऑन करके अधिकारी से बातचीत करनी आरंभ की। अधिकारी ने बताया कि बुधवार सुबह तक सस्पेंड दोनों जेई को बहाल कर दिया जाएगा।

आप धरना खत्म कर दे। इस पर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कहा कि जब तक दोनों साथियों के बहाली के आर्डर नहीं आ जाते। तब तक उनका धरना जारी रहेगा। अगर उनको आंदोलन लंबा चलाना पड़े तो भ वे इससे पीछे नहीं हटेंगे। उसके बाद चीफ इंजीनियर ने सस्पेंड जेई को जल्द बहाली करके आर्डर जारी करने का भरोसा दिलाया।




### कनिष्ठ अभियंता दस बजे बैठे धरने पर

मंगलवार सुबह दस बजे सिंचाई विभाग, पब्लिक हेल्थ, बीएंडआर तथा पंचायती राज विभाग के कनिष्ठ अभियंता धरने पर बैठ गए। डिप्लोमा इंजीनियरिंग कर्मचारी नेता बिजेश जावला ने बताया कि विभाग के आला अधिकारी हठधर्मिता अपनाए हुए है। विकास कार्य में मामूली सी अनियमितता मिली। उसको उसी वक्त ठेकेदार ने दुरुस्त करना आरंभ कर दिया था, लेकिन उसके बावजूद भी दो कनिष्ठ अभियंताओं को सस्पेंड कर दिया। डिप्लोमा इंजीनियर एसोसिएशन 14 मई को अधीक्षण अभियंता बिश्नोई से मिली और दोनों जेई के साथ हुए अन्याय के बारे में अवगत करवाया । इस अवसर पर सिंचाई विभाग से कार्यकारी अभियंता अनुराग गोयल, नवीन देशवाल, सुरेंद्र कुमार तथा उपमंडल अभियंता राकेश, बजरंग, रजनीश, लोक निर्माण विभाग से उपमण्डल अभियंता सुनील राठी, जन स्वास्थ्य विभाग से उपमंडल अभियंता रवि ग्रेवाल ,एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष संजय जैन (पब्लिक हेल्थ), उपाध्यक्ष गौरव तंवर (सिंचाई विभाग), कनिष्ठ अभियंता ब्रिजेश जावला, महेंद्र सिंह, सचिन, निकेश, आशीष, अमित राठी, रविंद्र, नुकुल, राहुल, रमेश, हरिओम, रूपेश सहित अनेक इंजीनियर उपस्थित रहे।

शिक्षा संस्कार चरित्र निर्माण
आर्यन कोचिंग
स्थाई एकेडमी (विश्वास का दूसरा नाम)
12वीं के बाद सरकारी नौकरी
नया बैच आरम्भ
अग्निवीर SSC रेलवे
हरियाणा पुलिस हरियाणा ग्रुप-डी CET
AIRFORCE NAVY ARMY
पता : मैन रोड, नजदीक बस स्टैंड, पुरानी एल.आई.सी. वाली गली, चरखी दादरी
9050035973, 8930848242

Kirorimal (K.M.) College of Education
Hansi Road, Bhiwani, Haryana
(Affiliated to C.B.L.U. Bhiwani)
Walk-in-Interview
for the posts of Teaching & Non-Teaching Staff on purely contractual basis as per following schedule:

| Posts | Date | Time |
|---|---|---|
| •Peon •Lab Attendant, •Library Attendant • Sports Attendant •Sweeper •Clerk-Cum-Typist •Accountant | 25/05/2026 | 10:00 am to 1.00 pm |
| •Assistant Professor in Management •Commerce •Computer Science •Mathematics | 25/05/2026 | 2:00pm to 5:00 pm |

Qualification as per UGC/CBLU NORMS
Advt. Date 20.05.2026
Principal Contact No. 01664-242412 President